कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 13-01-2025

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा प्रतिबन्धित (चाइनीज) मांझा के उपयोग, बिक्री एवं खरीद को लेकर चलाया गया जागरूकता एवं चेकिंग अभियान।

- **"सुरक्षित पर्यावरणीय अनुकूल व आनंददायक पतंगबाजी के लिए चाइनीज मांझे का बहिष्कार आवश्यक है। पारम्परिक सूती धागे का प्रयोग करें जो पर्यावरण एवं मानव जीवन के लिए सुरक्षित है"- पुलिस आयुक्त।**
- **ड्रोन तकनीक का प्रयोग कर चाइनीज मांझे का उपयोग करने वालों पर की जा रही निगरानी।**
- **चाइनीज मांझे की बिक्री, खरीद व उपयोग करने वालों को चाइनीज मांझों से हुई मृत्यु/घायल का जिम्मेदार मानते हुए दर्ज किये जायेंगे मुकदमें।**
- **प्रतिबन्धित मांझा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा 29 अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके कब्जे से 16139.8 किलोग्राम (161.4 कुन्तल) प्रतिबन्धित मांझा किया गया बरामद।**
- **चाइनीज मांझे के कारण लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, विशेषकर मोटरसाइकिल सवार।**
- **यदि कहीं चाइनीज मांझे की बिक्री, खरीद व उपयोग किया जा रहा है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।**
- **अपने परिवार व आसपास के लोगों एवं बच्चों को चाइनीज मांझे के खतरों के बारे में बतायें।**

आज दिनांक 13.01.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा प्रतिबन्धित (चाइनीज) मांझा के उपयोग, बिक्री एवं खरीद को लेकर आमजनमानस के बीच महत्वपूर्ण जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा छतों से, बाजार, पार्क व गंगा नदी घाट पर पी.ए. सिस्टम के माध्यम से चाइनीज मांझे का उपयोग जीवन के लिए कितना खतरनाक है, के

बारे में लोगों को जागरूक किया गया। चाइनीज मांझा जो कांच एवं धातु की कोडिंग के कारण बेहद धारदार होता है, जो न केवल लोगों के जीवन के लिए खतरा बन गया है बल्कि पर्यावरण एवं पक्षियों के लिए भी घातक साबित हो रहा है। इसके कारण होने वाली दुर्घटनायें एवं हानियां चिन्ताजनक है। पुलिस ने अपने जागरूकता अभियान के दौरान स्पष्ट संदेश दिया है कि चाइनीज मांझे की खरीद, बिक्री व उपयोग करने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। चाइनीज मांझे का उपयोग करने वालों पर निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।